कार्यालय – मुख्य अभियंता (सिविल)
छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कम्पनी मर्यादित : रायपुर

क्रमांकः 04–04/कार्य/ 3680 रायपुर, दि. 19.03.2020

अल्पकालीन निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्यों हेतु छ.रा.विद्युत मंडल/छ.रा.विद्युत उत्पादन कम्पनी में सिविल कार्य में अनुभवी एवं उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत अथवा शासकीय विभाग/उपक्रम में पंजीकृत ठेकेदारों से निर्धारित प्रपत्र में मुहरबंद निविदाएं अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में आमंत्रित है। अपंजीकृत ठेकेदार जिन्हें शासकीय विभाग/उपक्रम में समान कार्यों का अनुभव हो, के आवेदन के साथ कम–से–कम कार्यपालन अभियंता स्तर के अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण प्रस्तुत करने पर विचार किया जा सकता है। निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन की अंतिम तिथि 15.04.2020, निविदा विक्रय की अंतिम तिथि 16.04.2020 तथा निविदा खुलने की तिथि 17.04.2020 होगी ।

01. **निविदा विशेषीकरण कमांक मुअसि./एचटीपीएस–कोप /कार्य/2019/402**

कार्य का नाम :– छ.रा.विद्युत उत्पादन कम्पनी मर्यादित के अंतर्गत एचटीपीएस कोरबा पश्चिम स्थित 1X500 मेगावाट विस्तार यूनिट के पावर हाउस परिसर में ड्रेन रूफ, पाईप एवं सम्पस तथा ड्रेन आउटलेट का मानसून पूर्व, मानसून दौरान एवं मानसून पश्चात साफ–सफाई का कार्य। **अनुमानित लागत** रू. 4.67 लाख (18% जीएसटी सहित)। **बयाने की राशि** रू. 4700/–। **निविदा प्रपत्र का मूल्य** रू. 224/–(जीएसटी सहित) **निविदाकारों की श्रेणी** पंजीकृत हेतु **'ए–1 व ऊपर' कार्य पूर्ण करने की अवधि** : 06 माह (वर्षा ऋतु सहित)। **दर** : आयटम, प्रपत्र – ब। **रखरखाव अवधि – निरंक।**

अन्य नियम एवं शर्तें :–

1. किसी भी निविदा या सभी निविदाओं को बिना कारण बताये स्वीकृत/अस्वीकृत या पूर्णतः अमान्य करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता के पास सुरक्षित रहेगा । **02.** कर्मचारी भविष्य निधि आयुक्त भारत सरकार एवं क्षेत्रीय कार्यालय राज्य बीमा निगम रायपुर में पंजीकृत ठेकेदारों को, संबंधित प्रमाण–पत्र उपलब्ध कराने पर ही, निविदा प्रपत्र **निर्धारित मूल्य के डी.डी./पे आर्डर जो कि निविदा सूचना जारी होने के बाद बैंक द्वारा जारी किया गया हो** सहायक प्रबंधक(केन्द्रीय लेखा इकाई), छ.रा.विद्युत उत्पादन कम्पनी मर्यादित, रायपुर को देय हो, निविदा हेतु आवेदन के साथ जमा करने पर निर्धारित तिथि तक कार्यालयीन समय में निविदा प्रपत्र अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से जारी किये जावेंगे । निविदाएं डाक द्वारा मंगाने पर रूपये 75/– अतिरिक्त प्रति निविदा देय होगा । डाक द्वारा भेजे गये दस्तावेज का समय पर न मिलने की जवाबदारी कम्पनी की नहीं होगी । **03.** निविदा के अनुरूप निर्धारित बयाने की राशि केवल डीडी. या पे आर्डर के रुप में जो कि सहायक प्रबंधक(केन्द्रीय लेखा इकाई), छ.रा.विद्युत उत्पादन कम्पनी मर्यादित, रायपुर को देय हो, अलग सीलबंद लिफाफे में जमा की जानी चाहिए । इस लिफाफे को संबंधित निविदा प्रपत्र के सीलबंद लिफाफे के ऊपर संलग्न किया जाना चाहिए । **04.** निविदाएं निर्धारित तिथि को 16.00 बजे तक लिये जावेंगे एवं उसी दिन 16.15 बजे उपस्थित ठेकेदारों अथवा उनके प्रतिनिधियों के सम्मुख खोले जावेंगे । **05.** निविदा विक्रय की अंतिम तिथि/जमा करने की तिथि पर कार्यालयीन अवकाश होने की स्थिति में कार्यवाही अगले कार्यदिवस में निर्धारित समय पर की जावेगी । **06.** यदि किसी ठेकेदार द्वारा, इस कार्यालय द्वारा जारी किसी भी लेटर ऑफ अवार्ड के विरूद्ध लेटर ऑफ अवार्ड जारी करने के दिनांक से एक माह के भीतर अनुबंध निष्पादित नहीं किया गया है तो उसे निविदा में भाग लेने से प्रतिबंधित किया जावेगा । संपर्क हेतु दूरभाष कमांक 0771 – 2574568

मुख्य अभियंता(सिविल)
छ.रा. विद्युत उत्पा.कं.मर्या. रायपुर

प्रतिलिपि :–

1. अधीक्षण अभियंता (सिविल), एचटीपीएस, छ.रा.वि.उत्पा.कं.मर्या., कोरबा पश्चिम ।
2. कार्यपालन अभियंता(सिविल) 1X500 मेगावाट संभाग, एचटीपीएस, छ.रा.वि.उत्पा.कं.मर्या., कोरबा पश्चिम ।
3. नोटिस बोर्ड ।

//स्वहित एवं राष्ट्रहित में उर्जा बचाएं//